केवल **KIET University** के छात्रों के लिए

सभी वर्गों (**All Category**) के **केवल प्रथम वर्ष** के छात्रों के लिए मान्य।

(ऐसे सभी छात्र समाज कल्याण की वेबसाइट पर केवल **Krishna Institute of Engineering and Technology KIET** का चयन करेंगे।

# आवेदन फार्म भरने से पूर्व छात्र/छात्राओं द्वारा निम्न तैयारियॉ जरूरी है :

## 1. प्रक्रिया (Processor)

| | |
|---|---|
| 1 | वर्ष 2026–27 में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति हेतू आवेदन ऑनलाइन भरे जाएँगे जिसे छात्र/छात्राओं को स्वयं भरना है। |
| 2 | सर्वप्रथम https://scholarship.up.gov.in/ वेबसाईट पर ओ0टी0आर0 (One Time Registration) की प्रक्रिया को पूर्ण करेंगे। |
| 3 | तत्पश्चात Student-(New Registration only for fresh student)-Login Fresh-Postmetric other than intermediate पर क्लिक कर Reg no, OTR, Password & Capcha कोड डालकर लॉगिन करेंगे। |
| 4 | विश्वविद्यालय/बोर्ड/एफिलिएटिंग एजेंसी में पंजीयन क्रमांक के स्थान पर विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया रोल नम्बर ही अंकित करें। |
| 5 | नॉन रिफन्डेबल/अनिवार्य शुल्क के स्थान में ''**नॉन रिफन्डेबल/अनिवार्य शुल्क चार्ट**'' के अनुसार ही भरें। |
| 6 | लॉगिन करने के उपरान्त कैटेगरी के अनुसार आवेदन पत्र की आगे कि प्रक्रिया पूर्ण कर फाईनल प्रिन्ट से पहले स्वय जाँच हेतू प्रिन्ट अवश्य निकाल लें। |
| 7 | जाँच हेतू प्रिन्ट को भलिभांति जाँचने के उपरान्त ही फाईन प्रिन्ट निकाले। उससे पहले ''संस्था हेतु प्रिन्ट'' के लिंक पर क्लिक न करें अन्यथा फार्म स्वतः ही लॉक हो जायेगा तथा फिर किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं हो सकेगा। |
| 8 | संस्थान हेतु आवेदन प्रिंट (फाईनल प्रिन्ट) करने के बाद आवश्यक दस्तावेजों/अभिलेखों को क्रमवार संलग्न कर, दो सेट (एक ओरिजिनल व एक फोटो कॉपी सेट) तैयार कर ओरिजिनल सेट संस्थान में जमा करें तथा फोटो कॉपी सेट भविष्य के लिए अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें। |
| 9 | सर्वप्रथम छात्र/छात्राऍ स्वयं के नाम का बैंक खाता खुलवाकर पासबुक जरूर प्राप्त कर लें एवं आधार से लिंक एवं NCPI Mapped बैंक खाते का विवरण ही अकिंत करें। जनधन खाता मान्य नहीं होगा। आधार नम्बर जो कि छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र में अंकित किया जाएगा, बैंक खाते से सीडेड होना अनिवार्य है। अपना बचत बैंक खाता संचालित रखें एवं खाते में धनराशि आने की लिमिट छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की प्राप्त होने वाली धनराशि से अधिक हो, सुनिश्चित कर लें। ध्यान रखें कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क की धनराशि आने तक आपका खाता पूर्ण रूप से संचालित रहे। |

## 2. पात्रता (Eligibility)

| | |
|---|---|
| 1 | इन्टरमीडिएट (10+2) के आधार पर प्रवेशित आवेदकों का इन्टरमीडिएट (10+2) में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है। |
| 2 | स्नातक (Graduation) के आधार पर प्रवेशित आवेदकों का स्नातक (Graduation) में न्यूनतम 55% अंक होना अनिवार्य है। |
| 3 | आवेदक उत्तर प्रदेश राज्य का निवासी हो अन्य किसी राज्य का निवासी पात्र नहीं है। |
| 4 | वर्तमान सत्र में 75% उपस्थिति अनिवार्य है। |
| 5 | परिवार की समस्त स्रोतों से कुल वार्षिक आय रू0 2 लाख तक है (अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग हेतु आय सीमा रू0 2.50लाख प्रति वर्ष है)। |
| 6 | आय प्रमाण पत्र तहसीलदार द्वारा आवेदक के पिता/माता/अभिभावक के नाम से (नवप्रवेषित छात्रों के लिए 2026 में निर्गत किया हुआ हो) (छात्र के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य नही होगा) तथा आय का स्रोत स्पष्ट लिखा होना चाहिए जैसे–कृषि, नौकरी, मजदूरी आदि (आय का स्रोत''समस्त स्रोतों या आय का स्रोत छात्र अथवा 1 हैं' मान्य नही होगा। प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमाण–पत्र सत्यापन वाले वेबसाईटों पर प्रदर्शित/सत्यापन होना अनिवार्य है। |

| | |
|---|---|
| **3. आवश्यक दस्तावेज (Required Documents)** | |
| 1 | ऑनलाईन आवेदन पत्र स्वयं तथा अभिभावक द्वारा अनिवार्य रूप से हस्ताक्षरित। |
| 2 | स्वयं का विवरण – (SELF DECLARATION FORM) |
| 3 | आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तीनो की छायाप्रति एवं तीनो प्रमाण पत्रो की सत्यापन कॉपी (सामान्य/अल्पसंख्यक वर्ग के आवेदकों के लिए जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य नहीं है)। (सभी नवीन आवेदेक(Fresh Student) आय प्रमाण पत्र की ओरिजनल कॉपी जमा करेंगे।) |
| 4 | 02 शपथ पत्र छात्र के, 01 शपथ पत्र माता/पिता/अभिभावक का अनिवार्य रूप से लगेगा। (रू0 10/–के स्टाम्प पेपर पर) |
| 5 | यदि गैप है तो उसका शपथ पत्र, आई0टी0आर0 के सम्बन्ध में शपथ पत्र (यदि लागू हो तो)। (रू0 10/–के स्टाम्प पेपर पर) |
| 6 | बैंक पासबुक, काउन्सिलिंग लैटर एवं फीस की रसीद आदि की छायाप्रति। (यदि हॉस्टलर हैं तो साथ में हॉस्टल फीस की रसीद भी लगाऐंगे) |
| 7 | 10th, 12th की मार्कसीट/डिप्लोमा की छायाप्रति एवं गत वर्ष के रिजल्ट की छायाप्रति। |
| 8 | 10th, 12th मार्कसीट के ऑनलाईन नेट वेरिफिकेशन की छायाप्रति। |
| 9 | छात्र का आई0डी0कार्ड एंव आधार कार्ड तथा माता/पिता/अभिभावक के आधार एवं पैन कार्ड की छायाप्रति। |
| 10 | प्रारूप छः । (प्रारूप छः पर अपनी फोटो पेस्ट करनी है कोई भी छात्र फोटो को स्टेप्लर न करें) |
| 11 | आनलाइन फार्म के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त प्रपत्रों की प्रतिलिपियां **(फोटो कॉपी) Self Attested** होने चाहिए। |
| 12 | कृप्या दस्तावेजो (Documents) को उपरोक्त दिये गये क्रम (Sequence) में ही लगाऐं। |
| **4. समय सारिणी (TIME TABLE)** | |
| 1 | छात्रो द्वारा नवीन आवेदन करने की तिथि **15 सितम्बर 2026 से 20 अक्टूबर 2026** है। |
| 2 | आवेदन पत्र की हार्डकॉपी संस्था में दिनांक **10, 12, 13, 14, 15 एवं 22 अक्टुबर 2026** को जमा की जाऐगी। |
| 3 | छात्रों की बायोमैट्रिक हेतु सभी आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त सूचित किया जाएगा। |

*आवेदन पत्र उपरोक्त दिनांक को दोपहर 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक **Main Auditorium** में सबमिट कर सकते हैं। सभी छात्र हार्डकॉपी जमा करने से पहले संलग्न दस्तावेजों को क्रम में लगाकर फार्म को भली भांति स्वयं जांच लें। दस्तावेजों में कमी पाये जाने पर फार्म आगे अग्रसारित नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की त्रुटि के लिए छात्र स्वंय उत्तरदायी होंगे।*